**Birla Cable Limited**
(Formerly Birla Ericsson Optical Limited)
**Regd. Office & Works:**
Udyog Vihar, P.O. Chorhata, Rewa - 486 006 Madhya Pradesh, India
Telephone: +91 7662 400580, Fax: +91 7662 400680
Email: headoffice@birlacable.com; Website: www.birlacable.com
PAN No. AABCB1380L CIN: L31300MP1992PLC007190

MP BIRLA GROUP

BCL/CS/2020-21 1 AUG 2020

BSE Ltd.
Corporate Relationship Department
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
P.J.Towers, Dalal Street,
Fort,
**MUMBAI-400 001**

**Company's Scrip Code: 500060**

The Manager,
Listing Department,
The National Stock Exchange of India Ltd,
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E),
**MUMBAI-400 051**

**Company's Scrip Code: BIRLACABLE**

Dear Sir,

**Sub: Newspaper Advertisement**

Pursuant to Regulation 47 and Regulation 30 read with Schedule III of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the Newspaper Advertisements published in today's Newspapers (i.e. 1st August,2020) viz. – Financial Express (in English) and Dainik Jagran (in Hindi) informing about the Board Meeting scheduled to be held on Tuesday, 11th August, 2020 to take on record, interalia, the Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2020.

We request you to kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,

Yours faithfully,
for Birla Cable Ltd.

(Somesh Laddha)
Company Secretary

Encl: As above.

MANAGEMENT SYSTEM CERTIFICATION
DNV·GL
ISO 9001 ISO 14001
OHSAS 18001

# जुलाई में औसत से 136.1 मिलीमीटर कम वर्षा

## अब अगस्त माह में कोटा पूरा होने की उम्मीद




**जागरण, रीवा।** जुलाई माह में जिले की औसत वर्षा पिछड़ गई। जुलाई में जिले को 136.1 मिलीमीटर वर्षा कम मिली। विगत जून माह में जहां औसत से अधिक वर्षा जिले में दर्ज हुई। वहीं, अब जुलाई में औसत वर्षा का आंकड़ा कम होने से किसानों की फसल प्रभावित होने लगी है। खेतों में किसान अब तक धान का रोपा नहीं लगा सके हैं। जहां रोपा लग चुका है, वह सूखने लगी है। मौसम विभाग की माने तो अब अगस्त माह के पहले सप्ताह से जिले को अच्छी वर्षा मिल सकती है।

मौसम विभाग की माने तो मानसून द्रोणिका एक बार फिर मध्य प्रदेश से होकर गुजर रही है। इसके अतिरिक्त एक ऊपरी हवा का चक्रवात आंध्रा कोस्ट पर बनने के संकेत मिले हैं। इस सिस्टम के कम दबाव का क्षेत्र बनकर आगे बढ़ने की संभावना है। उसके प्रभाव से अगस्त के पहले सप्ताह में अच्छी बरसात का अनुमान है। बताया गया कि वर्तमान में मानसून द्रोणिका जैसलमेर, अजमेर, शिवपुरी, सतना, डाल्टनगंज, दुमका होते हुए पूर्व में मेघालय-त्रिपुरा तक जा रही है। इसके अलावा राजस्थान और गुजरात पर ऊपरी हवा के चक्रवात बने हुए हैं। इस वजह से वातावरण में कुछ नमी आ रही है। इस कारण रीवा सहित सम्भाग के कुछ हिस्सों में तापमान बढ़ते ही गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ रही हैं।

### शुक्रवार को रही तेज धूप दोपहर को हुई बारिश

जिले में शुक्रवार सुबह से ही आसमान में बादलों की कमी रही। धूप तेज होने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। बीते दिन की तरह शुक्रवार को भी लोग गर्मी से बचने का प्रयास करते रहे। जैसे-तैसे लोगों का दिन गुजरा लेकिन फिर रात को भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। हालांकि दोपहर बाद आसमान में काले बादल उमड़े लेकिन बरसे कम। शहर में मामूली बरसात होने से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। अब अगले एक-दो दिन में जिले को फिर अच्छी वर्षा मिल सकती है। इस बाबत मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं। इधर इस तरह मौसम बदलने से तापमान में भी बदलाव हुआ। बताया गया कि शुक्रवार को दिन का तापमान बीते दिन से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक 37.2 डि.से. दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी गत दिवस की अपेक्षा 1.2 डि.से. की बढ़त के साथ 25.4 डि.से. पर कायम हुआ। तापमान में अभी ऐसे ही उलटफेर होता रहना सम्भावित है।

### माहवार जिले की वर्षा (मिलीमीटर में)

| माह | औसत वर्षा | दर्ज वर्षा |
|---|---|---|
| जून | 105.2 | 228.8 |
| जुलाई | 394.1 | 258.0 |
| अगस्त | 356.4 | निरंक |
| सितम्बर | 181.1 | निरंक |

**********

*1 जून से 31 जुलाई तक जिले में कुल दर्ज वर्षा 486.8 मिलीमीटर*

### जून में मेहरबान रहे इंद्रदेव

अधीक्षक भू-अभिलेख के मुताबिक इस मानसून काल में अब तक जिले में 486.8 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। जून माह में इंद्रदेवता मेहरबान रहे, जिसके चलते गत 1 जून से 30 जून तक जिले में 228.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई। जून की औसत वर्षा 105.2 मिलीमीटर वर्षा से अधिक 123.6 मिलीमीटर वर्षा जिले में हुई। जबकि जुलाई माह में औसत वर्षा के आंकड़े से मौजूदा वर्षा काफी कम रही।

## जीईसी में नेशनल वेबीनार आज

**रीवा।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। टेक्यूप थ्री परियोजना के अन्तर्गत देश के विभिन्न तकनीकी संस्थाओं के सिविल इंजीनियरिंग विषय के शिक्षकों, रिसर्च स्कालर, विभिन्न उपक्रमों में कार्य करने वाले सिविल इंजीनियर एवं विद्यार्थी इसमें भाग लेंगे। वेबीनार का विषय रीसेण्ट डेवलेपमेंट इन फ़ार्मवर्क फ़ॉर कंक्रीट स्ट्रक्चर है। इस वेबीनार के विषय विशेषज्ञ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के ख्याति प्राप्त सीनियर प्रोफ़ेसर डा. एन.के. झा होंगे। इस वेबीनार के संयोजक प्राध्यापक सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर.पी. तिवारी हैं। नेशनल वेबीनार के समन्वयक प्राध्यापक डॉ सन्दीप पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशन में प्राचार्य डॉ बी के अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह वेबीनार आयोजित किया जा रहा है।

### आवंटित महाविद्यालय में जाने की जरूरत नहीं

# ई-प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन जमा होगी फीस

### इसी माह से स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की सम्भावना

जागरण, रीवा

स्नातक या स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश मिलने पर छात्रों को आवंटित महाविद्यालय में जाने की जरूरत नहीं होगी। छात्र कहीं से भी ई-प्रवेश पोर्टल में ऑनलाइन प्रवेश फीस जमा कर सकेंगे। पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित शुल्क की पहली किश्त 50 प्रतिशत शुल्क छात्रों को ऑनलाइन देनी होगी। शेष शुल्क छात्र दो किश्तों में ऑनलाइन ही महाविद्यालय को दे सकेंगे। इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2020-21 में प्रवेश की प्रक्रिया एक बार फिर धीरे-धीरे शुरू कर दी है। जिले के सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने विभाग ने नया खाका तैयार किया है। कोरोना वायरस के जरिये फैलते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए विभाग ने छात्रों को कुछ राहत देने का प्रयास किया है। ताकि छात्रों को प्रवेश के लिए ज्यादा मैदानी तौर पर परेशान न होना पड़े।

गौरतलब है कि विभाग ने पहले प्रवेश प्रक्रिया मई से शुरू करने की योजना बनाई थी।




फिर कोरोना के चलते यह प्रक्रिया जून में प्रस्तावित रही। और अब जुलाई माह भी गुजर चुका है लेकिन महाविद्यालयों में प्रवेश की गतिविधि शुरू नहीं हो सकी है। इस लिहाज से विभाग ने एक बार फिर महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने हेतु कमर कसी है।

### 4 से सभी शिक्षक रहेंगे मौजूद

शीघ्र ही विभाग द्वारा प्रवेश के लिए समय-सारिणी जारी की जा सकती है। इस लिहाज से विभाग ने एक अन्य आदेश जारी किया है, जिसमें सभी महाविद्यालयों के शैक्षणिक स्टॉफ को 4 अगस्त से महाविद्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। यहीं निर्देश विभाग ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को भी दिया है। प्रवेश प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए विभाग ने यह निर्देश जारी किए हैं।

### स्नातकोत्तर में मिलेगा प्रावधिक प्रवेश

स्नातकोत्तर कक्षाओं में छात्रों को अभी प्रावधिक प्रवेश दिया जायेगा। ऑनलाइन प्रवेश फार्म में छात्र स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष के अंक दर्ज करायेंगे। फिर बाद में जब तृतीय वर्ष की परीक्षा उपरांत परिणाम जारी होंगे तो उसके अनुसार छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित माना जायेगा। स्नातकोत्तर या स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पश्चात छात्रों को एमपी ऑनलाइन से ही दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा।

### योजनाओं का मिलेगा लाभ

स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्रों को गत वर्ष की तरह मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना व मुख्यमंत्री जनकल्याण शिक्षा प्रोत्साहन योजना का लाभ भी मिलेगा। वहीं, बीएड, बीपीएड, एमएड जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तैयारी भी विभाग ने शुरू कर दी है। इन पाठ्यक्रमों में छात्रों को सीधा प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जायेगा। बीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विभाग ने इस बार हेल्पलाइन सेंटर की संख्या भी बढ़ा दी है।

## बीई समेत अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों की परीक्षा 24 से

**रीवा।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज समेत दो अन्य निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के अंतिम सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षा 24 अगस्त से होगी। इस बाबत राजीव गांधी प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय ने समय-सारिणी जारी कर दी है। आरजीपीवी उक्त परीक्षाएं ऑनलाइन करवायेगा। इस परीक्षा में बीई, बी.आर्क तथा बी फार्मेसी सहित कुछ अन्य पाठ्यक्रम के 3 हजार से अधिक छात्र शामिल होंगे। वैश्विक महामारी कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 2 से 7 सेमेस्टर के छात्रों को आंतरिक मूल्यांकन एवं गतवर्ष में उनके प्रदर्शन के आधार पर आगामी कक्षा में प्रोन्नत किया जायेगा। गौरतलब है कि आरजीपीवी की उक्त परीक्षा नियमानुसार जून 2020 में होनी थी परंतु कोरोना वायरस से फैल रहे संक्रमण को ध्यान में रखते हुए परीक्षा अब तक स्थगित रखी गई। अब शासन के निर्देश पर फिर आरजीपीवी ने परीक्षा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके पहले भी आरजीपीवी ने ऑनलाइन परीक्षा कराने का कार्यक्रम जारी किया था परंतु तब मप्र शासन ने सुरक्षा कारणों से परीक्षा रूकवा दी थी। अब यूजीसी के निर्देशानुसार मप्र शासन ने आरजीपीवी को अंतिम सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षा कराने की अनुमति दे दी है। आरजीपीवी के निर्देश पर जीईसी प्रबंधन भी परीक्षा तैयारियों में जुट गया है।


**अंतिम सेमेस्टर के 3 हजार छात्र देंगे ऑनलाइन परीक्षा**

## प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं में ऑनलाइन होगी पढ़ाई

### छात्रों को सप्ताह में तीन दिन 30 मिनिट देंगे ऑनलाइन व्याख्यान

**जागरण, रीवा।** भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने आदेश जारी किया है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में प्री.प्राईमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं में शिक्षण कार्य ऑनलाइन, डिजिटल कक्षाओं के माध्यम से किया जायेगा। केन्द्रीय मानव एवं विकास संसाधन मंत्रालय ने निर्देश जारी किये हैं कि प्री.प्राईमरी कक्षाओं में सप्ताह में तीन दिन अधिकतम 30 मिनट तक ऑनलाइन क्लास ली जा सकती है। इसके लिए पालक एवं अभिभावकों से भी चर्चा की जायेगी। प्रारंभिक कक्षाओं पहली से आठवीं तक के लिए नियत दिवसों में सप्ताह में पांच दिन अधिकतम दो सत्र किये जा सकेंगे। प्रत्येक सत्र अवधि 30 मिनट से 45 मिनट तक होगी। हाई एवं हायर सेकेण्डरी 9वीं से 12वीं तक कक्षाओं के लिए नियत दिवसों में 6 दिन अधिकतम 4 सत्र किये जा सकते हैं। प्रत्येक सत्र की अवधि 30 से 45 मिनट होगी।

गौरतलब है कि कोरोना वायरस से फैल रहे संक्रमण से बचाव हेतु जिले की



शिक्षण संस्थाएं विगत 14 मार्च से बंद हैं। नये सत्र 2020-21 की शुरूआत हो चुकी है परंतु नये सत्र की प्रवेश प्रक्रिया भी धीमी गति से चल रही है। पढ़ाई तो लगभग शिथिल ही है। ऑनलाइन कक्षाओं के लिए छात्रों के पास स्मार्ट फोन नहीं है। यदि फोन है तो विशेषकर गांवों में अच्छा नेटवर्क नहीं है। फिर भी सरकारी प्रयास किसी तरह बच्चों को शिक्षित करने का चल रहा है।

**अब 31 अगस्त तक बंद रहेंगे सभी स्कूल :** जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय आगामी 31 अगस्त तक बंद रहेंगे। शासन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए आगामी 31 अगस्त तक प्रदेश के सभी शासकीय तथा अशासकीय स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिये गये हैं। स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों को पठन.पाठन से जोड़े रखने के लिए ऑनलाइन अध्ययन की गतिविधियां यथावत जारी रहेंगी।

### होम डिलीवरी के लिए निगम कर्मचारी तैनात

**रीवा।** कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते प्रभाव के कारण उसके बचाव एवं रोकथाम हेतु रीवा जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 31 जुलाई प्रातः 5 बजे से 5 अगस्त को प्रातः 5 बजे तक लॉकडाउन घोषित किया गया है। लॉकडाउन अवधि में रीवा नगरीय क्षेत्रान्तर्गत अत्यावश्यक खाद्य सामग्री जैसे फल/सब्जी, घर-घर पहुंचाने के लिए निगम कर्मचारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है। लोग इन कर्मचारियों से संपर्क कर अपने जरूरत के सामान घर मंगा सकते हैं।

### नाले-नालियों की हुई सफाई

**रीवा।** निगम क्षेत्र में बहनें वाले नाले-नालियों की सफाई व बरसात के पानी की समुचित निकासी हेतु अभियान चलाकर कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को निगम उपायुक्त एसके पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी रावेन्द्र सिंह द्वारा शहर में भ्रमण के दौरान वार्ड 35 ईदगाह घोघर, वार्ड 34 रिसालदाल मस्जिद नुरूल मीट वाले के घर के पास व मोली साहिब मस्जिद, दीनदाल मस्जिद, कमलेश्वर वकील के घर के सामने तथा खुसबू ग्राम अंजुमन स्कूल के पास वार्ड 33 निपनिया मस्जिद डॉ मकबूल के घर पीछे, वार्ड 20 तुर्राविक मस्जिद पुराना गोदाम के पास, वार्ड 17 छोटी दरगाह, वार्ड 25 वाणसागर कालोनी, वार्ड 16 चूना भट्ठा मस्जिद, वार्ड 12 खुटेही मस्जिद, वार्ड 7 अल्लाबक्स कालोनी, वार्ड 5 हमीदिया मस्जिद, वार्ड 1 निपनिया मस्जिद, वार्ड 45 कुठुलिया मस्जिद आदि स्थानो की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया तथा वार्ड दरोगा को सफाई हेतु निर्देशित किया गया।

## कंपाउंडरों से सौतेला व्यवहार क्यों : दुबे

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश में बीते 15 वर्ष से चिकित्सकों की समस्या बनी हुई है, जिसमें आयुर्वेद विभाग भी शामिल है। जिले ही नहीं प्रदेश भर में आयुर्वेद कंपाउंडर लंबे अरसे से आयुर्वेद चिकित्सक की भूमिका निभाते आ रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें पदोन्नत नहीं दी जा रही है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने कहा कि पद नाम व प्रभार में बढ़ोत्तरी के लिए कई बार पत्राचार किया जा चुका है। बावजूद इसके सरकार हमारी जायज मांगों को ठंडे बस्ते में डालने का काम करती आ रही है। श्री दुबे ने कहा कि आज पूरा देश कोविड-19 संक्रमण से जूझ रहा है। ऐसे में प्रदेश भर के आयुर्वेद कंपाउंडर कंधे से कंधा मिलाकर इस महामारी के खिलाफ योद्धा बनकर जंग लड़ रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में भी आयुर्वेद कंपाउंडर को न तो सहानुभूति मिली और न ही लंबित पदोन्नति की मांग पर कोई विचार विमर्श किया जा सका है। ऐसे में साफ जाहिर है कि सरकार कंपाउंडर को आंदोलन की राह पर जाने के लिए मजबूर कर रही है। आयुष कंपाउंडर का जिस पद पर नियुक्ति होती है। उसी पद में 20 से 30 वर्ष सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है। जबकि सरकार के आदेशानुसार किसी भी शासकीय कर्मचारी को सरकारी सेवा के दौरान दो से तीन पदोन्नति दी जाती है। फिर भी आयुर्वेद कंपाउंडरों को पदोन्नत का लाभ नहीं मिल पा रहा है और न ही पद नाम परिवर्तित किया जा रहा है। इन कर्मचारियों की समस्याओं के लिए सरकार पहल कर पदोन्नति का रास्ता साफ करें। श्री दुबे ने स्पष्ट किया है कि अगर कर्मचारियों की समस्याओं का निदान नहीं होता तो पूरे प्रदेश भर में कर्मचारी आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी विभाग एवं सरकार की होगी।

### दीपक बने रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य

**रीवा।** पश्चिम मध्य रेलवे ने दीपक शर्मा को मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। वर्तमान में रीवा में रह रहे श्री शर्मा को पमरे ने आगामी दो वर्ष के लिए नियुक्ति प्रदान की है। रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा की सहमति से पमरे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं सचिव रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति ने उक्त नियुक्ति पत्र जारी किया है। श्री शर्मा सामाजिक संगठन युवा एकता परिषद मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष भी हैं। उनकी इस नियुक्ति पर युवा एकता परिषद के संरक्षक पंडित सचिन शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी नरेन्द्र द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार, वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी, जय महाकाल सेवा संघ के प्रमुख देवेन्द्र द्विवेदी, युवा पत्रकार स्वतंत्र शुक्ला, बघेली कलाकार अविनाश तिवारी, बजरंग दल के जिला सह संयोजक अंबुज पाण्डेय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## 131 दिन से रेलवे स्टेशन में थमे ट्रेन के पहिये

### कोरोना का भय, अगस्त में भी यात्री ट्रेन चलने की सम्भावना नहीं

**रीवा।** रेलवे स्टेशन में बीते 131 दिन से सन्नाटा पसरा हुआ है। स्टेशन में केवल उप स्टेशन प्रबंधक का कार्यालय खुला है। ताकि जबलपुर मण्डल से आने वाले रेडियो संदेशों को प्राप्त किया जा सके एवं निर्देशों का पालन होता रहे। इसके अलावा एक टिकट विंडो, पार्सल कार्यालय खुले हैं। कुछ अन्य इंजीनियरिंग विभाग में अधिकारी-कर्मचारियों की सामान्य आवाजाही है। इसके अलावा अन्य स्टेशन परिसर में सामान्यतः पूरे समय शांति छायी रहती है। गत जून माह में 45 श्रमिक स्पेशल ट्रेन आई थी, जिसके चलते कुछ हलचल स्टेशन में होती रही। अब एक दफा फिर स्टेशन परिसर में पूरी तरह खामोशी है। ऐसे में पश्चिम मध्य रेलवे ने स्टेशन परिसर की विशेष सुरक्षा का इंतजाम करने की हिदायत दी है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए रेल प्रशासन ने 31 मार्च तक सभी यात्री ट्रेन के संचालन पर रोक लगाई थी, जिसे निरंतर बढ़ाया जा रहा है। इस क्रम में रीवा स्टेशन से चलने वाली सभी 11 ट्रेन भी विगत 22 मार्च से निरस्त रहीं। हालांकि कुछ बड़े स्टेशन से रेलवे द्वारा यात्री ट्रेन चलाई जा रही हैं लेकिन रीवा स्टेशन से कब ट्रेन चलेगी, इस पर कोई स्पष्ट निर्देश रेल प्रशासन ने जारी नहीं किए हैं।




### वर्क फ्रॉम होम निर्देश का पालन

रेल प्रशासन ने अपने कर्मचारियों को भी वर्क फ्राम होम का निर्देश दिया है। ताकि वायरस के संक्रमण को रोकने में मदद मिल सके। इस सिलसिले में स्टेशन का अधिकांश स्टाफ घर से ही सेवाएं दे रहा है। कुछ तकनीकी अधिकारी व सफाई कर्मचारी ही स्टेशन परिसर में अलग-अलग समय पर पहुंचते हैं। बाकी टीटी स्टाफ, वाणिज्य स्टाफ व अन्य अधिकारी-कर्मचारी घरों में इन दिनों सुरक्षित कैद हैं।

## प्राइवेट स्कूलों को राहत, फीस प्रतिपूर्ति के 1.19 करोड़ स्वीकृत

### कलेक्टर के निर्देश पर स्वीकृत की गई दूसरी किस्त




**जागरण, रीवा।** निजी स्कूल संचालकों को बड़ी राहत दी गई है। कलेक्टर के निर्देश पर सालों से लटकी राशि दूसरी किश्त में स्वीकृत कर दी गई है। 120 स्कूलों की करीब 1.19 करोड़ कलेक्टर ने स्वीकृत कर दिए हैं। जल्द ही यह राशि स्कल संचालकों के खाते में भेज दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि निजी स्कूल संचालकों ने लॉकडाउन के दौरान ही कलेक्टर से मिलकर फीस प्रतिपूर्ति की राशि दिलाए जाने की मांग की थी। उनकी मांग को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। दो किश्तों में निजी स्कूल संचालकों की रुकी हुई फीस प्रतिपूर्ति की राशि स्वीकृत करा दी है। पहले इंस्टालमेंट में रीवा के करीब 132 निजी स्कूल संचालकों के खाते में 1 करोड़ 26 लाख रुपए भेजे गए थे। इस मर्तबा करीब 120 स्कूलों को 1 करोड़ 19 लाख रुपए भेजने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जल्द ही यह राशि सभी स्कूल संचालकों के खाते में भेज दी जाएगी। फीस प्रतिपूर्ति की राशि स्वीकृत होने से निजी स्कूल संचालकों को बड़ी राहत मिलेगी। डीपीसी सुदामा गुप्ता का कहना है कि निजी स्कूल संचालक कलेक्टर से मिले थे। राशि दिलाए जाने की मांग की थी। सीईओ के दिशानिर्देश में जांच कराने के बाद स्कूल संचालकों की दूसरी किश्त भी जारी कर दी गई है। कुछ दिनों में राशि सभी के खाते में पहुंच जाएगी।

## सिंधियत बचाने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई मीटिंग

### कई सिंधी संगठनों के पदाधिकारी हुए शामिल

**जागरण, रीवा।** सिंधी भाषा, साहित्य व संस्कृति नहीं बची तो समाज का वजूद देश में खत्म हो जाएगा सिंधियत को बचाने के लिए अयोध्या से उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश ओमी ने सिंधियत बचाओ ऑनलाइन जागरूकता अभियान के तहत रीवा के सिंधी परिवारों से बातचीत की और जागरूक किया उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के संगठन का राष्ट्रीय स्तर पर स्वरूप बदल कर बड़े पैमाने पर गठन किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष ने पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष सरदार पहलाद सिंह, राजकुमार टिलवानी, विश्व सिंधी सेवा संगम के प्रांतीय प्रवक्ता लेखराज मोटवानी, मनीष चंदवानी, धर्मपाल गंगवानी, गुलाब साहनी, विजय थावानी, राम तनवानी, अनिल बुधवानी, महेश हिरवानी, विनोद पठान आदि से समाज को जागरूक करने के लिए विस्तार से चर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ओमी ने सिंधी परिवारों से कहा कि सिंधी भाषा,साहित्य, संस्कृति व सिंधी तीज त्यौहार धीरे धीरे समाप्त होते जा रहे हैं जो कि एक बहुत बड़ा खतरे का संकेत है। उन्होंने कहा कि भाषा, साहित्य,संस्कृति व तीज त्यौहार और सिंधी संतो, महापुरुषों, शहीदों का इतिहास जिंदा रखने के लिए पूरे प्रदेश के सिंधी परिवारों में सिंधीयत बचाओ ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



जिससे समाज के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा होगी यह अभियान पूरे देश में दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यदि भाषा, संस्कृति, साहित्य व सिंधी तीज त्यौहार और व्यंजन लुप्त हो गए तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सिंधी तीज त्यौहार जिसमें टीजड़ी, गोगो, थदड़ी, सगडा आदि त्योहार सिंधी समाज पूरे उत्साह व उमंग के साथ परिवार के साथ मनाता है जिसमें तरह-तरह के सिंधी व्यंजन तैयार किए जाते हैं लेकिन धीरे-धीरे यह परंपराएं समाप्त होती जा रही है। आज की युवा पीढ़ी घरों में सिंधी भाषा का प्रयोग नहीं कर रही हैं जो कि चिंता का विषय हो गया है। इस अभियान के लिए देश के सभी जनपदों की सिंधी पंचायतों सामाजिक व धार्मिक संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष से आनलाइन बातचीत के दौरान विश्व सिंधी सेवा संगम के प्रांतीय प्रवक्ता लेखराज मोटवानी ने कहा कि सिंधियत के प्रचार-प्रसार के लिए सिंधी समाज को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रीवा सहित पूरे मध्यप्रदेश में सिंधी तीज त्योहारों को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी करवा चौथ की तरह मनायें जाने वाला टीज़डी पर्व 6 अगस्त व 11 अगस्त को थदडी त्यौहार पूरे परिवार के साथ मनाया जाएगा

## छात्रों को दी नजदीकी जिले में परीक्षा देने की सुविधा

**जागरण, रीवा।** डीएलएड परीक्षा में बैठने वाले छात्र नजदीकी जिलों का चयन कर सकते हैं। ऐसे छात्र जिनका केंद्र किसी दूसरे जिले में रहा और लॉकडाउन की वजह से वह किसी अन्य जिले में फंसे हैं। ऐसे छात्र नजदीकी जिले में परीक्षा देने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने ऐसे छात्रों को राहत देने 5 जुलाई तक आवेदन करने का मौका दिया है। इस बाबत मण्डल द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

गौरतलब है कि डीएलएड 2020 की उक्त परीक्षा विगत अप्रैल माह में होनी थी परंतु कोरोना वायरस से फैल रहे संक्रमण के चलते शिक्षण संस्थान गत मार्च माह से ही बंद हैं। ऐसे में डीएलएड की परीक्षाओं का आयोजन अब तक नहीं कराया जा सका। अब मण्डल ने फिर से डीएलएड की मुख्य परीक्षा कराने जहमत उठाई है। सम्भव है, इस बाबत मण्डल द्वारा शीघ्र परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया जाये। इस परीक्षा में रीवा जिले के करीब दो दर्जन महाविद्यालयों के ढाई हजार के लगभग छात्र शामिल होंगे।

**डीएलएड के छात्र 5 तक ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन**

**बिरला केबल लिमिटेड**
CIN: L31300MP1992PLC007190
पंजीकृत कार्यालय: उद्योग विहार, पोस्ट : चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)
Tel. No (07662) 400580 . Fax No (07662) 400680
Email: headoffice@birlacable.com, Website: www. birlacable.com

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 47 के अनुरूप यह सूचित किया जाता है कि 30 जून, 2020 को समाप्त हुई तिमाही अवधि के अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने एवं उन्हें अभिलेख में लेने हेतु मंगलवार, 11 अगस्त, 2020 को निदेशक मण्डल की बैठक आयोजित की जायेगी।

बैठक की उपरोक्त जानकारी कम्पनी की वेब साईट www.birlacable.com एवं स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते बिरला केबल लिमिटेड
Sd/-
(सोमेश लड्डा)
कम्पनी सचिव

दिनांक : 31 जुलाई, 2020
स्थान : रीवा (म.प्र.)